संख्या-142/2018/वी0आई0पी0-57/26-3-2018-21(विविध)/2018

प्रेषक,

रवि शंकर मिश्र
अनु सचिव,
उत्तर प्रदेश शासन।

सेवा में,

निदेशक,
समाज कल्याण,
उ0प्र0 लखनऊ।

समाज कल्याण अनुभाग-3 लखनऊः दिनांकः 31 मई, 2018

विषयः- अति पिछड़े अनुसूचित जाति समूह बाहुल्य ग्रामों के सर्वांगीण विकास हेतु संचालित एकीकृत विकास योजनान्तर्गत जनपद उन्नाव के विकास कार्यो हेतु स्वीकृत की गयी धनराशि के सम्बन्ध में।

महोदय,

उपर्युक्त विषयक शासनादेश संख्या-62/2018/878/26-3-2018-21(विविध)/2018, दिनांक-20 मार्च 2018 का सन्दर्भ ग्रहण करने का कष्ट करें, जिसके द्वारा अति पिछड़े अनुसूचित जाति समूह बाहुल्य ग्रामों के सर्वांगीण विकास हेतु संचालित एकीकृत विकास योजनान्तर्गत जनपद उन्नाव के विकासखण्ड-सफीपुर के ग्राम-हसनापुर, ओझहरपुर, भदनी, गोपालपुर व खानपुर, विकासखण्ड-पुरवा के ग्राम-मंझिगवा सद्कू तथा विकासखण्ड-असोहा के ग्राम-टेढ़वा बभना में इण्टरलाकिंग व नाली निर्माण की कुल 14 परियोजनाओं के लिए धनराशि रू0 1261.22 लाख (रू0 बारह करोड़ इकसठ लाख बाईस हजार मात्र) स्वीकृत करते हुए निर्माण कार्यो को कराये जाने हेतु कार्यदायी संस्था के रूप में उ0प्र0 राज्य निर्माण एवं श्रम विकास सहकारी संघ लि0 लखनऊ को नामित किया गया है। उक्त कार्यो की निविदाएं उ0प्र0 राज्य निर्माण एवं श्रम विकास सहकारी संघ लि0 ने अपने पत्र 230/ई-टेण्डरिंग/लखनऊ मण्डल/2018-19, दिनांक 03.05.2018 द्वारा प्रकाशित की गयी। निर्माण एजेन्सी की निविदा प्रक्रिया के सन्दर्भ में मा0 जनप्रतिनिधियों से कतिपय शिकायतें प्राप्त हुई, जिसके दृष्टिगत शासन के पत्र संख्या-246मंत्री/26-3-2018-21(विविध)/2018 दिनांक 24-05-2018 द्वारा उ0प्र0 राज्य निर्माण एवं श्रम विकास सहकारी संघ लि0 के उपरोक्त पत्र दिनांक 03-05-2018 द्वारा प्रकाशित निविदा की समस्त प्रक्रिया को तत्काल प्रभाव से निरस्त किये जाने के आदेश दिये जा चुके है।

2- इस सम्बन्ध में मुझे यह कहने का निदेश हुआ है कि अति पिछड़े अनुसूचित जाति समूह बाहुल्य ग्रामों के सर्वांगीण विकास हेतु संचालित एकीकृत विकास योजनान्तर्गत जनपद उन्नाव के विकासखण्ड-सफीपुर के ग्राम-हसनापुर, ओझहरपुर, भदनी, गोपालपुर व खानपुर, विकासखण्ड-पुरवा के ग्राम-मंझिगवा सद्कू तथा विकासखण्ड-असोहा के ग्राम-टेढ़वा बभना में इण्टरलाकिंग व नाली निर्माण की कुल 14 परियोजनाओं के कार्यो हेतु शासनादेश संख्या-62/2018/878/26-3-2018-21(विविध)/2018, दिनांक-20 मार्च, 2018 के प्रस्तर-(1) में नामित कार्यदायी संस्था-''उ0प्र0 राज्य निर्माण एवं श्रम विकास सहकारी संघ लि0'' के स्थान पर अब कार्यदायी संस्था के रूप में ''उ0प्र0 स्टेट कांस्ट्रक्शन एण्ड इन्फ्रास्ट्रक्चर डेवलपमेन्ट कारपोरेशन लि0 (यू0पी0 सिडको)'' को नामित किए जाने की राज्यपाल महोदय सहर्ष स्वीकृति प्रदान प्रदान करते है।

3- शासनादेश संख्या-62/2018/878/26-3-2018-21(विविध)/2018, दिनांक 20 मार्च, 2018 के प्रस्तर-(1) को इस सीमा तक संशोधित समझा एवं पढ़ा जाय। उक्त शासनादेश दिनांक 20 मार्च, 2018 की शेष शर्ते व प्रतिबन्ध यथावत् रहेगें।

4- निदेशक, समाज कल्याण,उ0प्र0 लखनऊ द्वारा कार्यदायी संस्था-उ0प्र0 स्टेट कांस्ट्रक्शन एण्ड इन्फ्रास्ट्रक्चर डेवलपमेन्ट कारपोरेशन लि0 (यू0पी0 सिडको) के साथ एम0ओ0यू0 अनुबन्ध कराकर तत्काल धनराशि हस्तान्तरित कराने की कार्यवाही सुनिश्चित की जायेगी।

भवदीय

रवि शंकर मिश्र
अनु सचिव

संख्या-142/2018/वी0आई0पी0-57(1)/26-3-2018-तद्दिनांक-

प्रतिलिपि निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषितः-

1. महालेखाकार (लेखा एवं हकदारी/लेखा परीक्षा) प्रथम,उ0प्र0 इलाहाबाद।
2. अपर मुख्य सचिव/ प्रमुख सचिव/सचिव, बेसिक शिक्षा विभाग(अनुश्रवण प्रकोष्ठ), उ0प्र0 शासन।
3. निदेशक, स्थानीय निधि लेखा परीक्षा विभाग, उ0प्र0 इलाहाबाद।
4. जिलाधिकारी/मुख्य कोषाधिकारी, उन्नाव।
5. मुख्य कोषाधिकारी, जवाहर भवन, उ0प्र0 लखनऊ।
6. वित्त नियंत्रक, समाज कल्याण निदेशालय, उ0प्र0 लखनऊ को इस निर्देश के साथ प्रेषित कि पूर्व में उ0प्र0 राज्य निर्माण एवं श्रम विकास सहकारी संघ लि0 लखनऊ को उपलब्ध करायी गयी धनराशि को तत्काल उ0प्र0 स्टेट कांस्ट्रक्शन एण्ड इन्फ्रास्ट्रक्चर डेवलपमेन्ट कारपोरेशन लि0 (यू0पी0 सिडको) हस्तान्तरित कराना सुनिश्चित करें।
7. वित्त नियंत्रक/मुख्य वित्त एवं लेखाधिकारी, उ0प्र0 सभी के लिये शिक्षा परियोजना परिषद्, विद्या भवन, निशातगंज, लखनऊ।
8. प्रबन्ध निदेशक, उ0प्र0 स्टेट कांस्ट्रक्शन एण्ड इन्फ्रास्ट्रक्चर डेवलपमेन्ट कारपोरेशन लि0 लखनऊ ।
9. प्रबन्ध निदेशक, उ0प्र0 राज्य निर्माण एवं श्रम विकास सहकारी संघ लि0 लखनऊ को इस निर्देश के साथ प्रेषित कि शासनादेश संख्या-62/2018/878/26-3-2018- 21(विविध)/2018, दिनांक 20 मार्च, 2018 द्वारा स्वीकृत कार्यो की प्राप्त धनराशि को तत्काल उ0प्र0 स्टेट कांस्ट्रक्शन एण्ड इन्फ्रास्ट्रक्चर डेवलपमेन्ट कारपोरेशन लि0 लखनऊ को हस्तान्तरित कर शासन को सूचित करें।
10. जिला समाज कल्याण अधिकारी, उन्नाव।
11. वित्त (व्यय-नियंत्रण) अनुभाग-4/वित्त (आय-व्ययक) अनुभाग-1
12. समाज कल्याण बजट प्रकोष्ठ/कल्याण नियोजन प्रकोष्ठ।
13. गार्डफाइल।

आज्ञा से,

रवि शंकर मिश्र
अनु सचिव।